एमबीए छात्रों को वार्षिक 65 लाख तक की सीटीसी

रांची। आईआईएम रांची में सत्र 2021-23 बैच के लिए कैंपस भर्ती प्रक्रिया पूरी हो गई है। एमबीए प्रोग्राम (सत्र 2021-23) में 398 विद्यार्थी हैं, जबकि क्रमशः 69 और 35 छात्र एमबीए एचआर और एमबीए बिजनेस एनालिटिक्स के हैं। यहां के विद्यार्थियों को अत्यधिक मांग वाले पदों के लिए 140 नियोक्ताओं से नौकरी के प्रस्ताव मिले हैं।

सबसे अधिक बीएफएसआई क्षेत्र (15.3 % के नियोक्ता रहे। इसके बाद परामर्श (14.6%), एफएमसीजी (13.9%) व आईटी/आईटीईएस (13.2 प्रतिशत) के नियोक्ता रहे। एमबीए प्रोग्राम के लिए उच्चतम सीटीसी (कॉस्ट टू कंपनी) 65.00 लाख रुपये प्रति वर्ष रहा।

Hindustan, 07.03.2023, Pg. 8